**प्रेषक,**

सचिव,
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।

**सेवा में,**

समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

**पत्रांकः बे0शि0प0/** 37251-328 **/2023–24 दिनांक–** 29-12-2023

**विषयः–** उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित जूनियर बेसिक विद्यालयों में कार्यरत सहायक शिक्षक एवं शिक्षिका की पदोन्नति के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक बेसिक शिक्षा परिषद कार्यालय के पत्रांक बे0शि0प0/29121–99/2023–24 दिनांक 15.10.2023, बे0शि0प0/31166–322/2023–24 दिनांक 08.11.2023 एवं बे0शि0प0/32822–32890/2023–24 दिनांक 05.12.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित जूनियर बेसिक विद्यालयों में कार्यरत सहायक शिक्षक/शिक्षिकाओं की जनपदीय समिति द्वारा पदोन्नति हेतु पात्र शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की पदोन्नति/पदस्थापना शासनादेश संख्या रिट–981/अरसठ–52022–657/2021 दिनांक 20.08.2022 में दी गयी व्यवस्थानुसार राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र उ0प्र0 लखनऊ द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर के माध्यम से किये जाने के निर्देश दिये गये थे।

उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित जूनियर बेसिक विद्यालयों में कार्यरत सहायक शिक्षक एवं शिक्षिका की पदोन्नति की कार्यवाही उ0प्र0 अध्यापक सेवा नियमावली 1981 (अद्यतन संशोधित) में निहित प्राविधानुसार शिक्षकों के ऑनलाइन विद्यालय आवंटन एवं आदेश की कार्यवाही सॉफ्टवेयर के माध्यम से दिनांक 06.01.2024 के अपरान्ह से सम्पादित की जायेगी।

पदोन्नति के फलस्वरूप कार्यमुक्त एवं कार्यभार ग्रहण करने वाले शिक्षक एवं शिक्षिका का विवरण मानव सम्पदा पोर्टल पर अपडेट किया जायेगा।

कृपया उपरोक्तानुसार अग्रतर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**भवदीय**

(प्रताप सिंह बघेल)
सचिव,
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।

**पृ0सं0: बे0शि0प0/** 37251-328 **/2023–24, तददिनांक।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1– महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
2– शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3– वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र उ0प्र0 लखनऊ।

(प्रताप सिंह बघेल)
सचिव,
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।